Title : Regarding need to set up a gas based power project at Unnao, Uttar Pradesh with a view to solve acute power shortage in the region.

(xiii) Need to set up a gas based power project at Unnao, Uttar Pradesh

with a view to solve acute power shortage in the region.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : अध्यक्ष महोदय, देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य में विद्युत का गंभीर संकट बरकरार है। उत्तर प्रदेश राज्य में विशेषतः पिछड़े एवं ग्रामीण अंचलों में विद्युत की भारी कमी बनी हुयी है। मेरा संसदीय क्षेत्र उन्नाव, जो एक बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, भी विद्युत की समस्या से अछूता नहीं है। उन्नाव संसदीय क्षेत्र में तो विद्युत की बहुत ही दयनीय स्थिति है। इस क्षेत्र में कई-कई दिनों तक बिजली गायब रहती है तथा गर्मी के मौसम में तो स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिस कारण विद्युत के अभाव में ग्रामीणों, किसानों एवं अन्य जन सामान्य को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश राज्य के उन्नाव संसदीय क्षेत्र में विद्युत की भारी किल्लत को ध्यान में रखते हुए उन्नाव क्षेत्र में गैस पर आधारित एक विद्युत संयंत्र स्थापित किए जाने हेतु कारगर कदम उठाए।